

1. **Department of Economics visit: Swadeshi Mela, Hisar on 23-08-2025.**




स्वदेशी मेला
श्री नायब सिंह
GPS Map Camera
Hisar,Haryana,India
Kaimari Road, New Police Line, Hisar, Haryana
125001, India
Lat 29.145936, Long 75.726438
08/23/2025 11:40 AM GMT+05:30
Note : Captured by GPS Map Camera


स्वदेशी मेला 2025
Welcome
श्री नायब सिंह
Welcome
श्री नायब सिंह


Suruchi Sharma

# डी. एन. कॉलेज के वाणिज्य, प्रबंधन तथा अर्थशास्त्र विभाग के विद्यार्थियों द्वारा स्वदेशी मेले का भ्रमण





**-पाठकपक्ष न्यूज-**

**हिसार, 23 अगस्त :** दयानन्द महाविद्यालय के वाणिज्य, प्रबंधन व अर्थशास्त्र विभाग द्वारा आज फ्लैमिंगो हरियाणा पर्यटन कॉम्पलैक्स, हिसार में आयोजित स्वदेशी मेला जिसकी थीम 'मेले में आएं स्वदेशी पाएं' का शैक्षणिक भ्रमण किया गया। शैक्षणिक भ्रमण पर जाने से पहले महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विक्रमजीत सिंह ने सभी विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस भ्रमण का उद्देश्य देश में बनी वस्तुओं और सेवाओं का उपयोग करना, भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने, स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा देने तथा रोजगार के अवसर पैदा करने के साथ-साथ राष्ट्रीय आत्मनिर्भरता और संस्कृति का सम्मान करना है। वाणिज्य विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ रेनू राठी व प्रबंधन तथा अर्थशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ सुरुचि शर्मा ने विद्यार्थियों के लिए इस शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन कराया। उन्होंने बताया कि वाणिज्य विभाग समय-समय पर छात्रों के लिए ऐसे शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन करावाता रहता है। इससे विद्यार्थियों की किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक ज्ञान में बढ़ोतरी होती है। इस स्वदेशी मेले में भ्रमण में वाणिज्य विभाग के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ निहारिका, स्मृति, भावना, मानसी, दीपक के नेतृत्व में विभिन्न प्रकार के स्वदेशी उत्पादों की जानकारी प्राप्त की।

Suruchi Sharma

**2. Department of Economics organized a slogan writing competition on 25-08-2025.**



# दयानन्द महाविद्यालय, हिसार में वाणिज्य, प्रबंधन व अर्थशास्त्र विभाग ने फाइन आर्ट क्लब के साथ 'विश्व उद्यमिता दिवस' के उपलक्ष्य में 'स्लोगन लेखन' प्रतियोगिता का आयोजन

-पाठकपक्ष न्यूज-



हिसार, 25 अगस्त : दयानन्द महाविद्यालय, हिसार में वाणिज्य, प्रबंधन व अर्थशास्त्र विभाग ने फाइन आर्ट क्लब के साथ 'विश्व उद्यमिता दिवस' के उपलक्ष्य में 'स्लोगन लेखन' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विक्रमजीत सिंह ने बताया कि स्लोगन लेखन प्रतियोगिता से विद्यार्थियों के बहुत लाभ हैं जिनमें जागरूकता फैलाना, रचनात्मकता और उनके अभिव्यक्ति कौशल को निखारना, उन्हें किसी विशेष मुद्दे या विचार से जोड़ना, और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना शामिल है। स्लोगन लेखन एक प्रभावी तरीका है जिससे किसी भी कार्यक्रम या सामाजिक संदेश को संक्षिप्त और यादगार तरीके से जन-जन तक पहुंचाया जा सकता है। इस प्रतियोगिता के विषय 'यूथ एंड एंटरप्रेन्योरशिप', 'डिजिटल एंड ग्रीन एंटरप्रेन्योरशिप', 'लोकल टू ग्लोबल' तथा 'ग्लोबल कॉम्पिटिशन' रहे। विद्यार्थियों के स्लोगन लेखन कौशल के आधार पर जज डॉ शम्मी नागपाल व डॉ सुरुचि शर्मा ने परिणाम घोषित किए। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर सुलेखा तथा द्वितीय स्थान पर कशिश रहे। सांत्वना पुरूस्कार के रूप में प्रथम स्थान पर वरुण कुमार व द्वितीय स्थान पर भारती रहे। फाइन आर्ट क्लब की संयोजिका डॉ वलेरिया सेठी, वाणिज्य विभाग की इंचार्ज डॉ रेनू राठी व प्रबंधन एवं अर्थशास्त्र विभाग की इंचार्ज डॉ सुरुचि शर्मा व सहायक प्राध्यापक रेखा व भावना ने विद्यार्थियों को इस तरह की प्रतियोगियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

Suruchi Sharma

3. **Department of Economics organized an Interaction with Entrepreneurs on 03-09-2025.**

# DAYANAND COLLEGE, HISAR

NAAC Grade A++

AFFILIATED TO GURU JAMBHESHWAR UNIVERSITY OF SCIENCE & TECHNOLOGY, HISAR

**Departments of Commerce, Management & Economics**


***Organize***

## Interaction with Entrepreneurs

**Worthy Entrepreneurs:**

**Sh. Dinesh Gupta**
**MKG Electronics**

**Sh.Sanjeev Gawri**
**Om Diesel Pvt. ltd.**




**Details:**
**Date: 3rd,September 2025**
**Time: 11:00am**
**Venue: Room No. 118**

**Dr. Renu Rathee**
Incharge
Department of Commerce

**Dr. Suruchi Sharma**
Incharge
Departments of Management &Economics

**Dr.Vikramjit Singh**
**Principal**







# डी.एन. कॉलेज में इंटरैक्शन विद एंटरप्रेन्योर्स कार्यक्रम का आयोजन

**-पाठकपक्ष न्यूज-**

**हिसार, 3 सितम्बर :** दयानन्द महाविद्यालय, हिसार के वाणिज्य विभाग प्रबंधन व अर्थशास्त्र विभाग द्वारा इंटरैक्शन विद एंटरप्रेन्योर्स कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री दिनेश गुप्ता, एमजी इलेक्ट्रॉनिक्स स्टेप्लाइजर व्यवसायी) एवं श्री संजीव गौरी (ओम डीजल प्रा. लिमिटेड - डीजल जेनरेटर व्यवसायी) उपस्थित रहे। सर्वप्रथम कॉलेज प्राचार्य डॉ विक्रमजीत सिंह, वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ रेनू राठी, प्रबंधन व अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ सुरुचि शर्मा ने पौधा देकर अतिथियों का कॉलेज में पधारने पर स्वागत किया। प्राचार्य महोदय ने कार्यक्रम की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को यह समझाना था कि उद्यमिता केवल व्यवसाय शुरू करना ही नहीं, बल्कि नयी सोच, जोखिम उठाने की क्षमता और समाज की जरूरतों को नए समाधान से पूरा करने की प्रक्रिया है। इसके पश्चात प्राचार्य महोदय ने मुख्यवक्ता से अपील की कि वह हमारे छात्रों को उद्यमिता के बारे में विस्तार से बताएं। इस कड़ी में दोनों अतिथियों ने अपने सफल उद्यमी सफर को साझा करते हुए विद्यार्थियों को बताया कि संवाद के दौरान उद्यमियों ने अपने अनुभव साझा किए और बताया कि किस तरह सही मार्गदर्शन, तकनीकी सहयोग और नवाचार के साथ कोई भी व्यक्ति अपनी विचारधारा को सफल व्यवसाय में बदल सकता है इस अवसर पर वाणिज्य विभाग की इंचार्ज डॉ रेनू राठी प्रबंधन एवं अर्थशास्त्र विभाग की इंचार्ज डॉ सुरुचि शर्मा सभी प्राध्यापकगण व सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।





# डी.एन. कॉलेज में इंटरैक्शन विद एंटरप्रेन्योर्स कार्यक्रम का आयोजन

-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 3 सितम्बर :** दयानन्द महाविद्यालय, हिसार के वाणिज्य विभाग प्रबंधन व अर्थशास्त्र विभाग द्वारा इंटरैक्शन विद एंटरप्रेन्योर्स कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री दिनेश गुप्ता, एमजी इलेक्ट्रॉनिक्स स्टेप्लाइजर व्यवसायी) एवं श्री संजीव गौरी (ओम डीजल प्रा. लिमिटेड - डीजल जेनरेटर व्यवसायी) उपस्थित रहे। सर्वप्रथम कॉलेज प्राचार्य डॉ विक्रमजीत सिंह, वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ रेनू राठी, प्रबंधन व अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ सुरुचि शर्मा ने पौधा देकर अतिथियों का कॉलेज में पधारने पर स्वागत किया। प्राचार्य महोदय ने कार्यक्रम की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को यह समझाना था कि उद्यमिता केवल व्यवसाय शुरू करना ही नहीं, बल्कि नयी सोच, जोखिम उठाने की क्षमता और समाज की जरूरतों को नए समाधान से पूरा करने की प्रक्रिया है। इसके पश्चात प्राचार्य महोदय ने मुख्यवक्ता से अपील की कि वह हमारे छात्रों को उद्यमिता के बारे में विस्तार से बताएं। इस कड़ी में





दोनों अतिथियों ने अपने सफल उद्यमी सफर को साझा करते हुए विद्यार्थियों को बताया कि संवाद के दौरान उद्यमियों ने अपने अनुभव साझा किए और बताया कि किस तरह सही मार्गदर्शन, तकनीकी सहयोग और नवाचार के साथ कोई भी व्यक्ति अपनी विचारधारा को सफल व्यवसाय में बदल सकता है इस अवसर पर वाणिज्य विभाग की इंचार्ज डॉ रेनू राठी प्रबंधन एवं अर्थशास्त्र विभाग की इंचार्ज डॉ सुरुचि शर्मा सभी प्राध्यापकगण व सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

Suruchi Sharma

4. **Department of Economics organized a workshop on ‘Digital Marketing’ on 13.02.2025.**

**Dayanand college, Hisar**

**Department of Management**


# WORKSHOP ON DIGITAL MARKETING

**VENUE- SEMINAR HALL ( ROOM NO- 118)**
**DATE: 13.02.2026**
**TIME: 11:00 AM**




**Dr Suruchi Sharma**
**In charge**

**Dr Vikramjit Singh**
**Principal**




# कार्यशाला में दी डिजिटल टूल्स के उपयोग करने की जानकारी



कार्यशाला में शामिल होने वाले अतिथि को सम्मानित करते हुए।

**हिसार** | दयानन्द महाविद्यालय में अर्थशास्त्र व मैनेजमेंट विभाग द्वारा डिजिटल मार्केटिंग विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में आईईसीएस कंप्यूटर एजुकेशन के वरिष्ठ प्रशिक्षक रजत नागपाल ने रिसोर्स पर्सन के रूप में विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया।


कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. यशु राय तायल ने किया। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में केवल शैक्षणिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि व्यावहारिक कौशल भी आवश्यक है। डिजिटल मार्केटिंग करियर के नए अवसर प्रदान करने के साथ आत्मनिर्भर बनने की दिशा में भी सहायक है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म, सोशल मीडिया, सर्च इंजन और अन्य डिजिटल टूल्स के उपयोग को गंभीरता से सीखें और भविष्य में उसका लाभ उठाएं।






Suruchi Sharma


GPS Map Camera
Hisar, Haryana, India
1, Dn College Rd, Near Swastik Gas Godown,
Satya Nagar, Aggarwal Colony, Hisar, Haryana
125001, India
Lat 29.158746° Long 75.715401°
Friday, 13/02/2026 11:35 AM GMT +05:30
Google


Suruchi Sharma